हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

11 नए नियमों के विरोध में इनेलो ने मंडी में दिया धरना



12 अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल को मिला समर्थन



## खबर संक्षेप

### सहायक अनुभाग अधिकारी बनीं ममता



**झज्जर।** मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत की पूर्व छात्रा कुमारी ममता ने सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक अनुभाग अधिकारी का पद हासिल किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्या संतोष कुमारी व मदर इंडिया निदेशक रामफूल शास्त्री ने ममता के पिता कड़ौधा निवासी सुखबीर सिंह को बधाई दी।

### स्कॉलरशिप के लिए कार्तिक का चयन



**बहादुरगढ़।** गांव बामड़ोली के राजकीय उच्च विद्यालय के मेधावी छात्र कार्तिक का चयन एनएमएमएस स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। शिक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि इस स्कॉलरशिप के तहत चयनित विद्यार्थी को 4 साल के लिए 12 हजार रुपये प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप दी जाती है। यह परीक्षा सरकारी विद्यालय की 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों के लिए होती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रवि धनखड़, विजय कीर्ति, ओमप्रकाश, अंजू, निशा, कविता, अंजली, संजू, मोनिका, गोविंद, अरुण कुमार व जयसूर्या भी मौजूद रहे।

### कल नंबरदारों की बैठक में भाग लेंगे विधायक

**बहादुरगढ़।** शनिवार 11 अप्रैल को बहादुरगढ़ नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान शतीश नंबरदार के कार्यालय पर सुबह 10 बजे क्षेत्र के नंबरदारों की अहम बैठक होगी। शतीश नंबरदार ने बताया कि इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून भी मौजूद रहेंगे। बैठक में नंबरदारों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष मांग रखा जाएगा।

### 138 ग्राम गांजे सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एंटी नारकोटिक सेल ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सांपला निवासी अमित के रूप में हुई है। उसे रोहद बाईपास से काबू किया गया। उसके पास से 138 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

---

डीघल का फाइनेंसर साहिल हत्याकांड

## बदमाशों की स्कॉर्पियो मिली गिरफ्तारी के लिए मारे छापे

*सोशल मीडिया पर रोहित गोदारा गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी, पुलिस ने बताया फेक मैसेज, पिता रंजिश बताकर गांव के युवकों पर ही करवा चुके हैं केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गांव डीघल में फाइनेंसर साहिल की बुधवार को सात गोलियां मारकर हत्या के मामले में इस्तेमाल की गई गाड़ी को माछरौली-पाटौदा क्षेत्र से पुलिस ने बरामद किया है और अहम सुराग भी जुटाए हैं। वहीं, गुरुवार को पूरा दिन सोशल मीडिया पर एक मैसेज रोहित गोदारा गैंग के नाम से वायरल होता रहा, जिसमें साहिल की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए मोटे ब्याज का काम करने वाले और जुआं सट्टे की बुकी चलाने वाले लोगों पर अपना टारगेट साधने का दावा किया गया है। हालांकि इस मामले में पुलिस द्वारा इस पोस्ट को फेक बताया गया है। पूरा मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। उधर, साहिल का पोस्टमार्टम करवाने के बाद गांव डीघल में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### मृतक साहिल पर तीन मुकदमे हैं दर्ज



मृतक साहिल पर तीन मुकदमे दर्ज हैं, जिसके चलते पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। पुलिस को इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण शिकायतें और सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### गांव के लीला व योगेश नामजद, फरार

पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता नर सिंह उर्फ कूक्कू पुत्र कर्ण सिंह ने बताया कि वह माल्याण पाना का रहने वाला है। बुधवार सुबह करीब सवा ग्यारह बजे उसे सूचना मिली कि उसका पुत्र साहित उर्फ सोनू जब गुरमीत के प्लाट में बनी झोपड़ी में अपने साथियों के साथ हुक्का पी रहा था तो उसे किसी ने गोली मार दी। उसके साथी उसे उपचार के लिए रोहतक के एक निजी अस्पताल ले गए । नर सिंह उर्फ कूक्कू के अनुसार इसके बाद जब वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संबंधित अस्पताल पहुंचा तो उसे पता चला कि उसके पुत्र साहिल उर्फ सोनू की गोली लगने के कारण मौत हो चुकी थी। जब उसने अपने स्तर पर पता किया तो पता चला कि उसका लड़का साहिल गुरमीत के प्लाट में अपने साथी प्रवीण व सुजेश के साथ हुक्का पी रहा था। इसी दौरान गांव का लीला नामक युवक अपने साथी योगेश व अन्य चार-पांच युवकों के साथ वहां पहुंचा तथा उन्होंने उसके पुत्र को गोली मारी। उसे शक है कि उसके पुत्र को गोली मारने की साजिश में आरोपी युवकों के साथ अन्य व्यक्ति भी शामिल है। इस संबंध में पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

---

### तीन दिन में केएमपी के खंभों से दो बार बिजली के तार चोरी

**बहादुरगढ़।** केएमपी एक्सप्रेस-वे के साथ डाली जा रही बिजली की तारों को चोरों ने निशाना बना लिया। तीन दिन के अंदर दो बार तार काटकर ले गए। खंभों को भी तोड़ गए। इससे कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ठेकेदार परवेज मलिक ने कहा है कि फिलहाल केएमपी पर बादली से फर्रुखनगर तक लाइन डालने का काम चल रहा है। बादली की ओर से यह काम शुरू हुआ है। गत छह अप्रैल को छह पोल की तार चोरी हो गई। अब आठ अप्रैल को चेक किया तो 37 पोल से तार काटी गई है। पोल भी तोड़े गए हैं। उधर, बादली थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। फिलहाल चोरों का पता नहीं लग पाया है।

### गर्ल्स आईटीआई में 2 अप्रेंटिस लगेंगी

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) बहादुरगढ़ में कोपा व्यवसाय के 2 पदों के लिए अप्रेंटिस प्रशिक्षु की नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी। आईटीआई की प्रधानाचार्या मायामंती ने बताया कि आईटीआई कोपा ट्रेड से पास आउट छात्राओं के लिए यह सुनहरा मौका है। इसके लिए 17 अप्रैल तक भारत सरकार के अप्रेंटिस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने वाली उम्मीदवार छात्राओं की प्रयोगिक परीक्षा एवं साक्षात्कार 22 अप्रैल को लिया जाएगा। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर अवसर का लाभ उठाएं।

### नौकरी से हटवाने पर सिक्योरिटी सुपरवाइजर को पीटा

**बहादुरगढ़।** नौकरी से निकलवाने की रंजिश में एक पूर्व कर्मचारी ने साथी संग मिलकर कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर पर हमला कर दिया। डंडों से हमले में पीड़ित को काफी चोट आई और उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। शिकायत में झज्जर निवासी नरेश कुमार का कहना है कि वह पाहसोर स्थित इंडोस्पेस में सिक्योरिटी सुपरवाइजर है। कुछ दिन पहले उसने कैमरे चेक किए थे। इस दौरान कंपनी का एक कर्मचारी विशाल कैमरों की दिशा बदलते नजर आया। इस पर विशाल को नौकरी से हटा दिया गया। एक दिन जब वह छुट्टी के बाद बाइक पर सवार होकर घर के लिए चला तो पौने 9 बजे जहांगीरपुर ब्रेकर के पास पहुंचा तो विशाल व उसके एक साथी ने हमला कर दिया।

---

## नप उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए एडीसी को किया अधिकृत

- नगर परिषद के कुल 31 सदस्यों में से 25 पार्षदों ने 17 मार्च को सौंपे थे शपथपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद बहादुरगढ़ के उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा के खिलाफ 25 पार्षदों द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने इस मामले में अतिरिक्त उपायुक्त को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत किया है। बता दें कि नगर परिषद के कुल 31 सदस्यों में से 25 पार्षदों ने 17 मार्च को उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लिखित अनुरोध व शपथ पत्र उपायुक्त झज्जर के समक्ष प्रस्तुत किए थे। नगर परिषद बहादुरगढ़ के उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा के खिलाफ इस प्रस्ताव को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त झज्जर को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत किया गया है।




---

वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक

## 1.93 करोड़ से होगी 40 नालों की सफाई



बहादुरगढ़। बैठक में नालों की सफाई पर चर्चा करते डीएमसी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद की फाइनेंस एंड कांट्रैक्ट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक वीरवार को डीएमसी अभिनव शिवाजी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के नालों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अहम निर्णय लिए गए। अगले एक साल के दौरान शहर के 40 नालों की सफाई पर एक करोड़ 93 लाख रुपये खर्च होंगे। डीएमसी अभिनव सिवाच की अध्यक्षता में हुई वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी, कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला, सचिव प्रवीण छिकारा, उप प्रधान पालेराम शर्मा, पार्षद नीना राठी और पार्षद संदीप दहिया आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर के 40 प्रमुख नालों की नियमित सफाई करवाने के कार्य को मंजूरी प्रदान की गई। इस कार्य के लिए एक वर्ष की अवधि का कुल एस्टीमेट लगभग 1 करोड़ 93 लाख रुपये तय किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के लागू होने से शहर में जलभराव की समस्या में कमी आएगी और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डीएमसी अभिनव सिवाच ने बताया कि बरसात के मौसम में नालों की सफाई बेहद जरूरी होती है, ऐसे में समय रहते यह निर्णय लिया गया है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा बैठक में शहर के विकास से जुड़े अन्य विभिन्न कार्यों और योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।





शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!



गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'




सभी इमेज: एआई

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह ना जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है! आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा,'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए!' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है!'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी।




वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

**हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह**

## जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

वनस्पति जगत
नयनतारा

बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत शृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।






**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



## हंसगुल्ले



**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे।




कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *

**किताब :** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक :** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य :** 249 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





श्रेया, दुर्ग



डॉली, दुर्ग



आशुतोष, उमरिया



त्रियांश, धमतरी



रुपाली, बिलासपुर



आशना, जांजगीर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

### गेहूं को धूप लगाने व पैकिंग का कार्य हुआ शुरू, मंडी में जल निकासी के लिए पंप सेट भी किया शुरू

# दिनभर खिली धूप से आढ़तियों व किसानों को मिली राहत, एफसीआई की टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को साफ हुए मौसम के बाद अनाजमंडी के आढ़तियों व किसानों को राहत मिली है। सुबह निकली तेज धूप के बाद श्रमिकों ने तिरपाल हटाकर गेहूं को धूप दिखाई। बरसात के बाद मंडी परिसर में कुछ जगह पर जमा हुए पानी को निकालने के लिए मार्केटिंग बोर्ड द्वारा भेजे गए कर्मचारी मशक्कत करते हुए नजर आए। जेई जयभगवान ने बताया कि मंडी परिसर में बरसाती पानी की निकासी के लिए पंप सेट की व्यवस्था की गई है लेकिन किसी शरारती तत्व द्वारा पंप सेट के पाइपों में लगी क्लंप निकाल ली। अब उन्होंने नई क्लंप लगाकर न केवल व्यवस्था सुचारु कर दी है बल्कि दो पंप सेट रखे गए। उन्होंने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा पाइपों के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे काटने का प्रयास भी किया गया है। इस सीजन के बाद बरसात से पहले एक्सईएन मार्केटिंग बोर्ड द्वारा गेट नंबर दो पर स्थायी पंप सेट की व्यवस्था की जाएगी। अन्य दिनों की अपेक्षा वीरवार को गेहूं की आवक कम रही। बरसात के कारण जहां खेतों में खड़ी फसल गीली होने के कारण कटाई नहीं की जा सकी। इसके चलते उठान कार्य को गति दी गई। खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा 9300 क्विंटल गेहूं का उठान किया गया है।



झज्जर। अनाजमंडी परिसर में जमा बरसाती पानी की निकासी में जुटे कर्मचारी।

#### मंडी में पहुंचा 36272 क्विंटल गेहूं

मंडी सुपरवाइजर रणदीप सिंह ने बताया कि 610 किसानों के गेट पास बनाए गए जिनसे 36272 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि 24485 क्विंटल की खरीद की गई है। अभी तक जहां कुल 5196 गेट पास बनाए जा चुके हैं वहीं 308433 क्विंटल गेहूं मंडी पहुंच चुका है।

#### एफसीआई टीम ने समस्याएं सुनीं

जिले में हुई बरसात के कारण भीगे गेहूं की जांच करने के लिए वीरवार को फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया की टीम द्वारा अनाजमंडी का दौरा किया गया। टीम सदस्यों ने मंडी परिसर का अवलोकन कर फसल में हुए नुकसान की जांच की। इस दौरान मंडी परिसर में उपस्थित किसानों व आढ़तियों ने टीम सदस्यों के सामने अपनी समस्याएं भी रखीं। उन्होंने कहा कि धीमे उठान कार्य व बरसात के चलते गेहूं में नमी की मात्रा बढ़ी है। सरकार को चाहिए कि वह क्षतिग्रस्त हुए गेहूं का उचित मुआवजा दें। जिसके बाद टीम सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों से गेहूं के सैंपल लिए। उन्होंने सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## नए नियमों के विरोध में इनेलो ने मंडी में दिया धरना





बहादुरगढ़। इनेलो ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी की अगुवाई में बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में जोरदार प्रदर्शन किया और किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर पोर्टल की तकनीकी खामियों और बायोमेट्रिक प्रक्रिया लागू करने से किसानों को हो रही परेशानियों को उजागर किया। बहादुरगढ़ अनाज मंडी में इनेलो की ओर से कष्ट निवारण केंद्र की शुरुआत की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं ने अनाज मंडी में एकत्रित होकर सरकार की ओर से लागू किए जा रहे नए नियमों का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने बायोमेट्रिक प्रक्रिया को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा किसानों पर थोपी गई कठोर शर्तें उनके लिए मुसीबत बन गई हैं। पहले मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, फिर गेट पास, ट्रैक्टर और ट्रॉली पर नंबर और बायोमेट्रिक सत्यापन की शर्त से किसान परेशान हैं। इनेलो किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महेंद्र दलाल व हलकाध्यक्ष योगेंद्र राठी ने कहा कि बायोमेट्रिक सत्यापन की शर्त को सरकार तुरंत हटाए। इनेलो शुक्रवार को आसोदा की अनाज मंडी में भी प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर धर्मबीर फौजी, रामनिवास सैनी, राजबीर परनाला, जय सिंह गिधालिया, सूबेदार दयानंद, अशोक परनाला, रामधन दलाल, पप्पू प्रधान, मास्टर सुखबीर सरोहा, राज सिंह वर्मा, भूप सिंह परनाला, अरुण आसीवाल, ओमप्रकाश डोरा, अमरनाथ कुशवाहा, देवेंद्र दहिया व जयभगवान जोगी आदि मौजूद रहे। गेहूं खरीद सीजन के बीच बहादुरगढ़ और आसौदा की अनाज मंडियों में फसल की आवक लगातार जारी है, लेकिन उठान की रफ्तार बेहद धीमी है।

#### एसडीएम ने किया बेरी अनाज मंडी का दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

झज्जर। वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने बेरी अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी आढ़तियों और खरीद एजेंसियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश भी दिए। गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने मंडी में गेहूं खरीद के साथ उठान और समुचित भंडारण के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने आढ़तियों और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को नियमानुसार खरीद कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। खरीद के साथ साथ उपज का भंडारण जरूरी है। वहीं उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपनी उपज को पूरी तरह सुखाकर ही मंडियों में लाएं, ताकि नमी की समस्या के कारण किसी को परेशानी न हो और खरीद प्रक्रिया सुगमता से हो सके।

## खबर संक्षेप



### नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए डीघल में आज होगी वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता

झज्जर। नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने व युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से गांव डीघल में शनिवार को जिलास्तरीय वालीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर एसडीएम रवि मीणा ने वीरवार को अधिकारियों की बैठक में जरूरी निर्देश दिए। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। इसी कड़ी में शनिवार सुबह सात बजे से गांव डीघल स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वॉलीबाल मैच आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सभी ब्लॉकों में से चयनित कुल 11 टीमें भाग लेंगी, जिनमें सीनियर वर्ग की लड़कों की सात टीम व लड़कियों की चार टीमें भाग लेंगी।



### राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों को आपसी समन्वय से पूरा करें : उपायुक्त

झज्जर। जिले के राजस्व विभाग व कृषि सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने पेपरलेस रजिस्ट्री, जमाबंदी, ततीमा कटिंग, भू नक्शा स्टेटस, एग्री स्टैक आईडी, डिजिटल क्रॉप सर्वे सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। सभी किसानों की एग्री स्टैक फार्मर आईडी बेहद जरूरी है। इसके लिए कृषि व राजस्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। पीएम किसान सम्मान निधि व अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर आईडी बनवाना जरूरी है। इससे पहले वीसी के माध्यम से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉक्टर सुमिता मिश्रा ने जिले अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### अतिरिक्त जमीन दर्ज कराने का आरोप

बहादुरगढ़। शिव चौक की निवासी विधवा महिला ने एक व्यक्ति पर जमीन सौदे में धोखाधड़ी कर अतिरिक्त रकबा दर्ज कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने एसडीएम अभिनव सिवाच और डीसीपी मयंक मिश्रा को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला सत्तो देवी के अनुसार, उनकी हिस्सेदारी वाली जमीन का ब्याना 33.33 वर्ग गज पर हुआ था, लेकिन बाद में तैयार दस्तावेज में 35.2 वर्ग गज दर्ज कर दिया गया। परिवार ने कागजात देखने पर करीब सवा दो गज जमीन अधिक लिखी हुई पाई। पीड़िता के अनुसार, शिकायत मिलने पर एसडीएम ने मामला डीसीपी को भेज दिया, जहां पीड़ित पक्ष को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।



### राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं को दी एचआईवी एड्स व टीबी से बचाव की जानकारी

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बहू में वीरवार को छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यूथ रेडक्रॉस द्वारा एचआईवी एड्स एवं टीबी विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एपीसीपीएल हॉस्पिटल झाड़ली की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शाइक हसीना तथा सह-वक्ता के रूप में डॉक्टर श्रेया श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। रेडक्रॉस इंचार्ज डॉक्टर रविंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं को एचआईवी एड्स व टीबी के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों बारे विस्तार से जानकारी दी गई। डॉक्टर शाइक हसीना ने बताया कि एचआईवी गंभीर बीमारी है, लेकिन सही जानकारी, सावधानी और नियमित जांच से इससे बचाव संभव है। उन्होंने संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने और उन्हें सहयोग देने की अपील भी की। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर मोहन कुमार, डॉक्टर सुचित्रा, सुनील कुमार, मोनिका व रेखा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने सुनीं शिविर में लोगों की समस्याएं

झज्जर। उपमंडल बेरी में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में आधा दर्जन शिकायतें दर्ज की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान तय समय-सीमा में किया जाए और कार्यवाही की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत की जाए। समाधान शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य है कि नागरिकों की समस्याओं का निवारण उनके घर द्वार के समीप ही त्वरित गति से हो सके।

### श्रीनिवास गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष तो प्रेमचंद बंसल बने मंत्री

बहादुरगढ़। अग्रवाल वैश्य समाज ने प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की ओर से जारी सूची में विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बहादुरगढ़ के श्रीनिवास गुप्ता और प्रेमचंद बंसल को भी जिम्मेदारियां मिली हैं। प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता के अनुसार, श्रीनिवास गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रेमचंद बंसल को मंत्री नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर झज्जर के प्रमोद बंसल को भी शामिल किया गया है। गुप्ता ने कहा कि नई टीम का उद्देश्य समाज को अधिक संगठित, सक्रिय और मजबूत बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नव-नियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाजहित में कार्य करेंगे। वहीं, श्रीनिवास गुप्ता व प्रेमचंद बंसल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, इसका वे पूर्ण निष्ठा से निर्वाह करेंगे। समाज को मजबूती देने में हर संभस प्रयास करेंगे।



श्रीनिवास गुप्ता



प्रेमचंद बंसल

## विद्यार्थियों को रिमोट सेंसिंग, जीआईएस और मानचित्र कला की दी जानकारी



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग में रिमोट सेंसिंग, जीआईएस और मानचित्र निर्माण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जिला जीआईएस लैब के प्रभारी और जियोमैटिक्स विशेषज्ञ सार्था मोंडल रहे। कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया, डॉक्टर ललित कुमार, डॉक्टर सुनीता बेनीवाल, राजमल और दीपा यादव ने किया। मुख्य वक्ता सार्था मोंडल ने रिमोट सेंसिंग की मूलभूत अवधारणाओं सैटेलाइट डेटा, सेंसर, इमेज इंटरप्रिटेशन तथा डेटा एक्त्रीकरण को सरल उदाहरणों से समझाया तथा बताया कि पृथ्वी की सतह से संबंधित सूचनाएं किस तरह सीधे सैटेलाइट से प्राप्त की जाती हैं। उन्होंने डेटा संग्रहण, डेटा विश्लेषण, लेयर सिस्टम, डिजिटल मैपिंग, स्पेशल एनालिसिस तथा जीआईएस के विभिन्न उपयोगों की जानकारी दी। मानचित्र में स्केल, प्रोजेक्शन, सिंबल्स, थीमैटिक मैप्स तथा डिजिटल मैपिंग टूल्स की भूमिका को भी समझाया गया।

### विष्णु भगवान हर संकट से भक्तों की करते हैं रक्षा

झज्जर। वैसाख मास कृष्ण पक्ष की एकादशी को वरुथिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा की जाती हैं। मान्यतानुसार इस एकादशी का व्रत करने से विष्णु भगवान हर संकट से भक्तों की रक्षा करते हैं। वरुथिनी एकादशी का उपवास सोमवार को रखा जाएगा। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि वरूथिनी एकादशी का उपवास करने से मानसिक शांति मिलती है। इस व्रत को करने से सुख प्राप्त होता हैं। वरुथिनी एकादशी को कष्टमुक्ति के लिए प्रभावी माना गया है। एकादशी एक धार्मिक दिवस है, इस दिन को धार्मिक कर्म में मन लगाना चाहिए। इस दिन पीले वस्त्र धारण करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। जो भी व्यक्ति इस दिन व्रत करता है, भगवान विष्णु उसकी हर संकट से रक्षा करते हैं। भगवान नारायण को तुलसी बहुत प्रिय है, इसलिए उन्हें तुलसी जल भी समर्पित करना चाहिए।



पंडित गुलशन शर्मा।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

झज्जर। शुक्रवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवर्तन परिमंडल कार्यालय में उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में शहर, सब अर्बन सब डिवीजन झज्जर, बादली व माछरौली सब डिवीजन क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली एवं बिजली के बिल संबंधी समस्याएं सुनी जाएंगी। जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन डिविजन झज्जर करेंगे तथा मौके पर उनका निवारण किया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता को कार्यकारी अभियंता, उपमंडल अभियंता के फैसले से संतुष्ट न होने पर अपनी शिकायत को चेयरमैन बिजली उपभोक्ता फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

### पीएम मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत लगा विशेष शिविर



बहादुरगढ़। शहर के किला मोहल्ला स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूक किया गया। कैंप के दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं जांच के लिए पहुंचीं। एलटी रेखा द्वारा महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन आदि की जांच शामिल रही। साथ ही गर्भवती महिलाओं को आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. ममता ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार लेने, नियमित जांच करवाने, साफ-सफाई बनाए रखने और किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी। समय पर जांच और सही देखभाल से जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। कैंप के सफल आयोजन में आशा वर्कर रामभतेरी, रेनू, स्नेह लता, कल्पना, सुदेश, नीलम और रिंपी ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने महिलाओं को कैंप तक लाने, पंजीकरण कराने और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने में सहयोग किया।



### समाधान शिविर में एसडीएम के सामने आईं 10 शिकायतें

बहादुरगढ़। एसडीएम अभिनव सिवाच ने वीरवार को शहर के लघु सचिवालय में आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पीपीपी, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम, हशविप्रा, पुलिस विभाग व लोक निर्माण विभाग से संबंधित 10 शिकायतें पहुंची। एसडीएम ने समस्याओं के तत्काल निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। लोगों की शिकायतों का निवारण करना ही सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर तहसीलदार सुदेश मेहरा व ईओ संजय रोहिल्ला आदि उपस्थित रहे।

### तीन डिग्री बढ़ा तापमान

बहादुरगढ़। बीते कुछ दिनों से मौसम में बदलाव के कारण तापमान में लगातार उतार चढ़ाव आ रहा है। बुधवार को जहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री था तो वीरवार को 30 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर धूप खिली रही। दरअसल, बीते दो दिनों बूंदाबांदी और ठंडी हवा के कारण तापमान में काफी गिरावट आई थी। सुबह और रात के वक्त ठंड महसूस हो रही थी। फिलहाल अप्रैल के हिसाब से तापमान कम ही है। आगामी दिनों में तेजी से वृद्धि होगी।

### स्वगणना का विकल्प 16 से 30 अप्रैल तक होगा उपलब्ध

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक निर्धारित पोर्टल एसई.सीईएनएसयूएस.जीओवी. इन के माध्यम से स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। इससे समय की बचत के साथ-साथ प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि नागरिक स्व गणना के लिए 16 भाषाओं में से अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं। फार्म में कुल 33 सवालों के जवाब देने होंगे।

#### पोषण के महत्व को ध्यान में रखते हुए गुड़ व चना वितरित किया

# शिविर में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

■ अभियान का उद्देश्य सभी गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध करवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत वीरवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच व उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान की गई। शिविर में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें बेहतर देखभाल के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक माह की 9, 10, 23 तारीख एवं अंतिम कार्य दिवस को मनाया जाता है। अभियान का उद्देश्य सभी गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला की नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है ताकि किसी भी प्रकार की जटिलता का समय रहते पता लगाकर उचित उपचार किया जा सके। शिविर में महिलाओं की ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर टेस्ट, यूरिन जांच सहित अन्य जरूरी परीक्षण निःशुल्क किए जाते हैं। विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेंद्र डोगरा ने बताया कि जिले भर में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान पोषण के महत्व को ध्यान में रखते हुए उनमें गुड़ एवं चना भी वितरित किया गया।



झज्जर। शिविर में गर्भवती महिलाओं में गुड़ व चना वितरित करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऊषा (पुत्री) संदीप (पुत्र) प्रदीप (पुत्र) D/o S/o स्व. श्री मेहर सिंह निवासी जटवाड़ा मौहल्ला, 8 बिसवा बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3B76NCR3 वार्ड नंबर-16 कॉलोनी जटवाड़ा मोहल्ला, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में नाम दर्ज है। मेहर सिंह की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तब्दील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक नहीं की गई है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3B76NCR3 वार्ड नंबर-16 कॉलोनी जटवाड़ा मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नंबर-3B76NCR3/ 163 वर्ग गज प्रार्थी ऊषा (पुत्री) संदीप (पुत्र) प्रदीप (पुत्र) D/o S/o स्व. श्री मेहर सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कमलेश (पुत्री), नरेश (पुत्र) स्व. श्री होशियार सिंह निवासी 25/361 मांडोठी बाजार, बहादुरगढ़ द्वारा एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3BG30666 वार्ड नम्बर 24 कॉलोनी ईमली वाला मोहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 52.08 से 52 वर्ग गज करवाने हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन नम्बर --- द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नम्बर-3BG30666 वार्ड 24, ईमली वाला मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को आपत्ति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें, अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नम्बर-3BG30666 वर्ग गज प्रार्थी कमलेश (पुत्री), नरेश (पुत्र), स्व. होशियार सिंह के नाम नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**इस्तहार बराए अखबार**
**बा अदालत सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर।**
जसवंत सिंह बनाम सतपाल छिकारा आदि
खेवट नंबर 222//183
To,
1. सतपाल छिकारा पुत्र रणबीर सिंह पुत्र धर्मसिंह निवासी गांव खेरपुर, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, 2. श्रीमती शमीमा पत्नी छुट्टन पुत्र रामतुला निवासी मकान न0 245, टी हट्स, डेरी वाला बाग, नजदीक रक्षा कुंज, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063, 3. ऋषि प्रकाश पुत्र श्री निवास पुत्र धर्म सिंह निवासी मकान न0 181, सुलतानपुर माजरा सुलतानपुरी सी ब्लॉक, दिल्ली-110086, 4. रघबीर सिंह पुत्र भीम सिंह पुत्र हरनाथ निवासी मकान न0 181, सुलतानपुर माजरा सुलतानपुरी, सी ब्लॉक, दिल्ली-110086, 5. श्रीमती लीलावती पत्नी अशोक कुमार पुत्र राजदेव निवासी डी-1/12, प्रेम नगर-3 किराड़ी सुलेमान नगर, नोर्थ वेस्ट दिल्ली, 6. श्रीमती आशा देवी पत्नी गिरानी रविदास पुत्र जमनादास निवासी गांव चिस्तिपुर आस्थावा, नालंदा, बिहार-803107, 7. सुनीता देवी पत्नी राजकिशोर पुत्र बीरसाई राम निवासी मकान न० 111, ब्लॉक ए, शिव विहार, विकास नगर, उत्तम नगर, डी. के. मोहन गार्डन, दिल्ली-110075, 8. जयदेव पुत्र बलबीर सिंह पुत्र डीघराम निवासी गांव लोवा खुर्द, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, 9. पुनम पत्नी अशोक पुत्र रामसुन्दर निवासी प्रेम नगर, नई दिल्ली, 10. जोगिन्द्र कौशिक पुत्र बलबीर सिंह पुत्र डीघराम निवासी गांव लोवा खुर्द, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर।
जसवंत सिंह ने आपके विरुद्ध दरखास्त तकसीम बाबत खेवट नंबर 222//183, खतौनी न० 227 मौजा खैरपुर, तह० बहादुरगढ़, जिला झज्जर दायर की हुई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 04.05.2026 को दिन में 09:00 बजे दरखास्त का उतर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए तलब किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवन प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादी की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
यह आज तारीख 08.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
नोट : दरखास्त की कॉपी लफ है। हस्ता/- सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर।

## खबर संक्षेप

### गैस एजेंसी पर कर्मचारी व उपभोक्ता में मारपीट

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित एक गैस एजेंसी पर विवाद हो गया। एक व्यक्ति की गैस एजेंसी कर्मचारी के साथ मारपीट हो गई। दोनों को चोट आई। इसके बाद अस्पताल में गए तो वहां भी दोनों पक्षों में विवाद गहरा गया। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाए गए। हालांकि स्पष्ट वजह खुलकर सामने नहीं आई है। शाम तक इस संबंध में पुलिस को शिकायत नहीं मिल पाई थी। सेक्टर 9 चौकी प्रभारी रणदीप सिंह का कहना है कि झगड़े की सूचना जरूर मिली थी लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष से शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### जांच शिविर में ग्रामीणों का जांचा स्वास्थ्य

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा वीरवार को सीएचसी डीघल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। जिसमें लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर संचालक डॉ. अमरजीत सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई।

## आग बुझाते हुए जान गंवाने वाले कर्मचारियों को शहीद का दर्जा देने की मांग

# अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अग्निशमन विभाग के कर्मियों को न्याय दिलाने और लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मांगों को लेकर अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के समर्थन में नगर पालिका कर्मचारी संघ की बहादुरगढ़ इकाई ने वीरवार को इंदिरा पार्क से उल्टी झाड़ू प्रदर्शन करते हुए फायर कर्मियों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी रेलवे रोड से होते हुए लाल चौक पहुंचे।



**बहादुरगढ़।** शहर में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अग्निशमन विभाग के कर्मियों को न्याय दिलाने और लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने कहा कि 16 फरवरी को फरीदाबाद के जसमेर गांव स्थित कंपनी में आग बुझाने के दौरान भवीचंद शर्मा और रणवीर सिंह की दर्दनाक मौत हुई थी। इस घटना ने पूरे कर्मचारी वर्ग को झकझोर दिया है। इन कर्मियों को शहीद का दर्जा दिया जाए। साथ ही उनके परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अलावा कर्मचारियों ने अपनी 22 सूत्रीय मांगों को भी दोहराया। प्रदर्शन की अध्यक्षता बहादुरगढ़ इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि मंच संचालन सचिव अमित ने किया। इस दौरान जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड़, वरिष्ठ उपप्रधान लीला राम सहित अन्य रहे। जबकि अग्निशमन विभाग बहादुरगढ़ की ओर से जिला प्रधान नवीन कुमार, उपप्रधान पवन हुड्डा, सचिव पवन दलाल, कैशियर भगवान, धर्मेंद्र सिंह, सतीश, प्रदीप, मनीष, नीटू सहित अन्य शामिल रहे।


**बहादुरगढ़।** जैन मंदिर में पूजा अर्चना करते डॉ पंकज जैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आत्मशुद्धि का सबसे सरल मार्ग है नवकार मंत्र

**बहादुरगढ़।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के पावन अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने समाज को शुभकामनाएं देते हुए इस दिव्य मंत्र का महत्व समझाया। नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और प्रभावशाली मंत्र है। यह गुणों की आराधना का प्रतीक है। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि नवकार मंत्र मानव जीवन को सकारात्मक ऊर्जा, शांति और आत्मबल प्रदान करने वाला दिव्य सूत्र है। इसके नियमित जाप से व्यक्ति के भीतर से नकारात्मकता समाप्त होती है और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। डॉ. जैन ने बताया कि नवकार मंत्र में पंच परमेष्ठी 'अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु' की वंदना की जाती है। यह मंत्र हमें विनम्रता, संयम और सेवा का मार्ग दिखाता है। इस मंत्र का उच्चारण व्यक्ति के मानसिक तनाव को कम कर आत्मिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने सभी से नवकार मंत्र का जाप कर अपने जीवन को सुखमय बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भावना का वातावरण स्थापित करें।


**बहादुरगढ़।** सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते अशोक राठी। फोटो : हरिभूमि

### गांवों के विकास को लेकर सीएम से मिले राठी

**बहादुरगढ़।** सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर विभिन्न विकास कार्यों और ग्रामीण समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गांवों से जुड़ी अहम मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। अशोक राठी ने महात्मा ज्योतिबा फुले चौपाल और सर छोटूराम चौपाल के तैयार किए गए एस्टीमेट की ग्रांट जल्द जारी करवाने की मांग की। साथ ही गांवों की मूलभूत समस्याओं और अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। सीएम नायब सैनी ने उन्हें सकारात्मक सोच के साथ जनसेवा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## पौधरोपण के साथ सीएमडी युवराज ने संभाली संस्कारम समूह की कमान

संस्थान के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और मेहनती सेवादारों को विशेष उपहार भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने वीरवार को एक समारोह में युवराज को आधिकारिक तौर पर संस्कारम समूह के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर पद की कमान सौंपी है। उन्होंने कहा कि अब इस प्रतिष्ठित समूह की नेतृत्व टीम में युवराज युवा शक्ति के रूप में कार्य करते हुए समूह को नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।

नवनियुक्त सीएमडी युवराज को उनके जन्मदिन पर यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने इस दिन को सेवा और सम्मान के रूप में मनाते हुए सर्वप्रथम अपने दादा मास्टर दयानंद की समाधि पर पुष्पार्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत संस्कारम पब्लिक स्कूल प्रांगण में पौधरोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की।


**झज्जर।** स्कूल प्रांगण में पौधरोपरण करते हुए नवनियुक्त सीएमडी युवराज।

संस्थान के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और मेहनती सेवादारों को मुख्य धारा में शामिल किया गया, जो पर्दे के पीछे रहकर स्कूल की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में अपना सर्वोच्च योगदान देते हैं। युवराज ने इन सभी कर्मचारियों को विशेष उपहार भेंट किए और उनके कठिन परिश्रम की सराहना की। मैनेजमेंट ने यह साझा किया कि चेयरमैन डॉ. महिपाल के अनुभवी मार्गदर्शन और युवराज के आधुनिक व नवाचारी विजन के मेल से संस्कारम समूह अब शिक्षा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।


**बहादुरगढ़।** प्रतियोगिता में पोस्टर बनाते छारा कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने ब्लड ग्रुप टेस्ट करना सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में बुनियादी स्वास्थ्य जांच एवं प्राथमिक उपचार जागरूकता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार की मूलभूत जानकारी देना, ब्लड ग्रुप जांच करना तथा बीएमआई के महत्व से अवगत कराना रहा। आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार प्रदान करने की विधियों के बारे में भी बताया गया। साथ ही ब्लड ग्रुप टेस्ट करना और बॉडी मास इंडेक्स की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर ज्योति ने आपात स्थितियों जैसे विषाक्तता, दुर्घटना, स्ट्रोक एवं हृदयाघात में अपनाए जाने वाले प्राथमिक उपचार के तरीकों की जानकारी दी। वहीं रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक पंकज कुमार ने सड़क सुरक्षा के नियमों एवं दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर अन्नु ने ब्लड ग्रुप के प्रकार एवं उनके व्यवहार के बारे में समझाया तथा ब्लड ग्रुप की जांच करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। प्राध्यापिका आन्या ने बीएमआई की गणना करने की विधि तथा आधुनिक जीवनशैली में स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। व्यावहारिक सत्र में विद्यार्थियों ने अपने ब्लड ग्रुप और बीएमआई की जांच की।


**झज्जर।** ब्लड ग्रुप टेस्ट करना सीखते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि


**बहादुरगढ़।** बोरों में बंद किए गए बंदर। फोटो : हरिभूमि

### हाउसिंग सोसाइटी में बंदर पकड़ने में अमानवीयता, सीएमओ को शिकायत

**बहादुरगढ़।** इलाके की एक हाउसिंग सोसायटी में जीव क्रूरता का मामला सामने आया है। बाईपास स्थित सोसाइटी में वीरवार को अवैध तरीके से बंदर पकड़ने की कार्रवाई हुई। पकड़े गए बंदरों को बोरों में बंद कर दिया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जीव विशेषज्ञों के अनुसार, बंदर वन्य जीव की श्रेणी में आते हैं। ऐसे जीवों को पकड़ने, हटाने या स्थानांतरित करने का अधिकार केवल संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत होता है। किसी आरडब्ल्यूए, सोसायटी प्रबंधन या निजी संस्था द्वारा अपनी तरफ से ऐसी कार्रवाई किया जाना नियमों के विरुद्ध माना जाता है। यदि किसी इलाके में बंदरों या अन्य जीवों से परेशानी है, तो उसका समाधान कानूनी और मानवीय तरीके से किया जाना चाहिए, न कि इस तरह की क्रूर व मनमानी कार्रवाई से। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नवीन सिंगल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएमओ हरियाणा को शिकायत भेजी है। इस संबंध में पुलिस को भी शिकायत दी जाएगी।

## छारा में एचआईवी और टीबी पर बनाए जागरूकता पोस्टर

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ द्वारा एचआईवी एड्स और टीबी विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अजय राठौर ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाईआरसी प्रभारी ज्योति के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने एड्स व तपेदिक जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाई। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, रोकथाम के उपायों तथा सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. संजय देसवाल, मंजू मलिक, डॉ. मनोज कुमार, देवेंद्र, डॉ. अश्वनी कुमार, ज्योति व गोविंद आदि ने विजेताओं को बधाई दी तथा सभी प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## शिशु तस्कर गिरोह के सरगना का नहीं लग रहा सुराग

■ अभी तक दस लोगों को बहादुरगढ़ लाकर की जा चुकी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शिशु तस्करी गिरोह के मामले में पुलिस की जांच जारी है। इस केस में अभी तक 40 से अधिक बच्चों की खरीद फरोख्त की बात सामने आ चुकी है। अब तक दस लोग काबू किए जा चुके हैं। मामले में पकड़ी गई महिला आरोपी जेल भेजी जा चुकी है। जबकि मास्टर माइंड अभी तक फरार चल रहा है।

दरअसल, बहादुरगढ़ पुलिस ने मंगलवार 31 मार्च की रात को अंतरराज्यीय शिशु तस्कर गिरोह के तीन सदस्य यहां सेक्टर-9 मोड़ के पास से काबू किए थे, जिनमें एक महिला भी शामिल है। ये महज तीन दिन के बच्चे को दिल्ली बेचने जा रहे थे। इसके बाद कई टीमें गठित हुई और पंजाब सहित अन्य राज्यों में ताबड़तोड़ रेड की गई। मामले में पहले पंजाब की बेअंत, यूपी के सलीम और अकिल गिरफ्तार हुए। ये दस दिन के रिमांड पर लिए। फिर पुलिस ने बरामद किए गए बच्चे के माता-पिता कुलविंदर और परमजीत कौर को पंजाब से काबू किया। इसी दौरान एक आरोपी हरविंदर को पूछताछ में शामिल किया। बल्लभगढ़ के संदीप, रायपुर छत्तीसगढ़ के रुद्रप्रताप, ग्रेटर नोएडा के विजय, शहादरा दिल्ली के मोहन को काबू किया। ये पांच दिन के रिमांड पर लिए गए।

बुधवार को पुलिस ने बेअंत को अदालत में पेश कर जेल भेजा। जबकि अन्य आरोपी शनिवार को अदालत में पेश किए जाएंगे। इस शिशु तस्कर गिरोह का जाल कई राज्यों में फैला हुआ है। अभी तक सामने आया है कि ये 40 से अधिक बच्चों की खरीद बेच कर चुके हैं। मामले का मास्टर माइंड लाडी और उसके साथ भागने वाले आरोपी का भी अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। जिनसे बच्चे खरीदे और बेचे गए हैं, उनसे भी पुलिस पूछताछ करेगी। सिटी थाना प्रभारी जमील अहमद ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश होगा।

## खबर संक्षेप


**बहादुरगढ़।** एसडीएम अभिनव सिवाच को सम्मानित करते समिति सदस्य।

### कबीर बस्ती को पक्का करवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** संत कबीर बस्ती संघर्ष समिति ने कॉलोनी को नियमित करवाने के लिए सीएम नायब सैनी के नाम का ज्ञापन एसडीएम अभिनव सिवाच को सौंपा। समिति पदाधिकारियों ने सिवाच को एसडीएम के साथ डीएमसी का अतिरिक्त कार्यभार दिए जाने पर सम्मानित किया। समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार, मोहित मास्टर, कर्मवीर, राजेंद्र, सतीश सरसार, अजय कुमार, संजय किराड़ और विजय आदि ने दावा किया कि संत कबीर बस्ती पिछले 60-65 साल से बसी हुई है। यहां अधिकतर गरीब लोग रहते हैं। सीएम ने रविदास जयंती पर ऐसी कॉलोनी के लिए नीति बनाने की घोषणा की थी। उन्हें भी सरकार से राहत की उम्मीद है।



**बहादुरगढ़।** कसार में लगे कैंप में ग्रामीणों को जागरूक करते चिकित्सक।

### कसार में 185 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव कसार में वीरवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 185 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। दंत चिकित्सक डॉ. मीनाक्षी बोकन ने छोटे बच्चों का मुंह का परीक्षण किया तथा ग्रामीणों के दांतों की जांच की। सही तरीके से ब्रश करने के तरीके बताए। संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश कुमार ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया तथा आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया। उन्होंने योग को दैनिक जीवन में अपनाने की सलाह दी। डॉ. सीमा ने भी स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जरूरत अनुसार दवाइयों का वितरण किया। शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य निरीक्षक सुरजीत, बनारसी दास व सुनीता देवी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।


**बहादुरगढ़।** आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेती हरदयाल स्कूल की छात्राएं।

### विद्यार्थियों को दिए सेल्फ डिफेंस के टिप्स

**बहादुरगढ़।** शहर के हरदयाल पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में भी बताया गया, ताकि वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। हरियाणा पुलिस की सहायक उप निरीक्षक सरला, एसपीओ रजनी व हेड कांस्टेबल टीना ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कियया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डायल 112 सेवा के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें साइबर क्राइम और बाल विवाह जैसे अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। ऐसे मामलों की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव व प्रधानाचार्य अंशु यादव ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।


**झज्जर।** दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### अंतर सदनीय खेल प्रतियोगितओं में सुभाष सदन प्रथम

**झज्जर।** आरईडी विद्यालय में वीरवार अंतर-सदनीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गांधी सदन, रमन सदन, सुभाष सदन तथा टैगोर सदन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं रिले रेस, शॉटपुट, लॉन्ग जंप, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, खो-खो, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस व बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। खेल गतिविधि प्रभारी मंजू ने बताया कि प्रतियोगिता में सुभाष सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय, गांधी सदन तृतीय तथा रमन सदन के खिलाड़ियों को चतुर्थ स्थान मिला। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य गीता गाबा द्वारा सम्मानित किया गया।


**झज्जर।** पुलिस कमिश्नर से मिलने के उपरांत उपस्थित प्रधान राज देवरखाना एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### संत सुरेहती को न्याय दिलाने की मांग

**झज्जर।** वीरवार को ब्राह्मण महासभा झज्जर के प्रधान राज देवरखाना की अध्यक्षता में समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने महासभा के महासचिव संत सुरेहती के साथ हुए झगड़े के संबंध में पूरे जानकारी दी और मामले की जांच करते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। समाज की ओर से बताया गया कि उन्हें आश्वासन मिला है कि दोषियों की पहचान कर न्याय दिलाया जाएगा। इस अवसर पर उपप्रधान रवींद्र कौशिक, आजाद दीवान, आसाराम कौशिक एडवोकेट, मनीष नंबरदार सहित अन्य भी मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते पार्षद मोनू व कॉलोनवासी। फोटो : हरिभूमि

### विकास नगर में गलियों के निर्माण कार्य की शुरुआत

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के विकास नगर में लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी गलियों के निर्माण कार्य का आखिरकार शुभारंभ हो गया। वार्ड-1 के पार्षद रजनीश मोनू ने बुजुर्गों व मौजिज लोगों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत करवाई। विकास नगर की गली नंबर-2 और गली नंबर-16 का निर्माण कराया जाएगा। इन दोनों गलियों के निर्माण पर करीब 50 लाख रुपये की लागत आएगी। लंबे समय से इन गलियों की हालत खराब बनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब नई गलियां बनने के बाद आने-जाने में सुविधा होगी। वहीं पार्षद रजनीश मोनू ने ठेकेदार को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ और तय समयसीमा में पूरा करने की हिदायत दी। ईश्वर, महेंद्र, नरेंद्र देशवाल, विनोद दलाल, बालकिशन, महिपाल, मनीता, कैलाशु, सुनीता, सुभाष, सत्यदेव प्रधान आदि इस मौके पर मौजूद रहे।